


# पांच दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो 7 से बाजार बंद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 2 सितंबर ।** कस्बे के सरिया व्यवसाई पर हुई फायरिंग और प्राणघातक हमले के विरोध में व्यवसाईयों ने मंगलवार को 2 घंटे अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर सांकेतिक बाजार बंद रखा। जिसे एसडीओपी के आश्वासन के बाद खत्म कर दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्र ने कहा है कि अगर पांच दिन में पुलिस द्वारा फायरिंग के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो 7 सितंबर से कस्बा जौरा के बाजार बंद कर आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यवसाई मंगलवार की सुबह 8 बजे गांधी वाचनालय पर एकत्रित हुए। उनके द्वारा आंदोलन को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा था। इसी दौरान एसडीओपी नितिन बघेल वहां पहुंच गए। एसडीओपी श्री बघेल ने बताया कि पचबीघा में जैन परिवार के साथ हुए झगड़ा, मारपीट के केस में दो आरोपी पकड़े जा चुके है। जबकि सरिया व्यवसाई पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है। जिसे लेकर एसडीओपी श्री बघेल ने 6 सितंबर तक आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किए जाने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद पूर्व विधायक श्री मिश्र सहित व्यवसाईयों ने निर्णय लिया कि अगर 6 सितंबर तक पुलिस द्वारा आरोपी पकड़े नहीं जाते है, तो 7 सितंबर को कस्बे के बाजारों को बंद रखकर आंदोलन किया जाएगा।



सरिया व्यवसाई पर फायरिंग के विरोध में जौरा में सांकेतिक बंद रहे बाजार



**पीड़ित बोले-हमारे विरुद्ध दर्ज 307 का मामला असत्य :** धरना व आंदोलन स्थल पर मौजूद आदित्य पुत्र गंगा विशन जैन ने एसडीओपी से कहा कि हमारे परिजन के विरुद्ध 307 का जो मामला दर्ज किया गया है, वह पूरी तरह गलत है। घटनास्थल अलग दिखाया है और एफआईआर में नामजद बलराम जैन घटना वाले दिन जौरा कस्बे में ही नहीं थे। वह तो सुबह 10 बजे जौरा से एक गमी में शामिल होने के लिए अखिलेश जैन, अनिल जैन एवं परिवार की दो महिलाओं के साथ शिवपुरी गए हुए थे। इसलिए उनका नाम एफआईआर से हटाया जाए।

हम व्यापारियों के साथ हैं। कस्बे में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीओपी ने मामले की जांच, नकाबपोशों की गिरफ्तारी के लिए 5 दिन का समय मांगा है। व्यापारियों को न्याय नहीं मिला तो 7 सितंबर से आंदोलन को तेज करेंगे।
**– महेशदत्त मिश्र, पूर्व विधायक जौरा**

गांधी वाचनालय पर व्यापारियों से चर्चा हुई है। उन्होंने मामले में 307 धारा की जांच करनेए गलत नाम मामले में दर्ज होने की जांच करने की बात कही है। हमने 5 दिन का समय मांगा है। निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे।
**– नितिन बघेल, एसडीओपी जौरा**



## करंट लगने से एक बैल की मौत

**पोरसा, 2 सितम्बर।** ग्राम रामपुर थाना थाना दिमनी में बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही स्वरूप करंट के तार को काटकर लटका दिया गया जिससे से एक बैल की मृत्यु हो गई। रात्रि के अंधेरे में किसी इंसान की मृत्यु भी हो सकती थी। इस घटना के पश्चात सभी ग्रामीणों में भय एवं प्रसासन के प्रति आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

## कैलारस में तहसीलदार की निगरानी में हो रहा खाद वितरण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 2 सितंबर ।** खाद वितरण में किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए तहसीलदार कैलारस नरेश शर्मा स्वयं अपनी निगरानी में खाद वितरण करा रहे है। व्यवस्थाओं कों संभालने के लिए राजस्व, मंडी प्रशासन के कर्मचारियों के साथ पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। उनके द्वारा महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग लाईनें लगाकर खाद का वितरण कराया जा रहा है।

**महिला व पुरुषों की अलग-अलग कतारें, छाया एवं पेयजल के किए गए है प्रबंध**

बीते दिनों खाद वितरण को लेकर किसानों द्वारा हंगामा किया गया था। जिसके बाद तहसीलदार नरेश शर्मा ने निर्णय किया कि खाद का वितरण अब वे स्वयं अपनी मौजूदगी में कराएगें। उनके द्वारा खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग कतारें लगवाई गई है। वहीं तेज धूप से बचाव के लिए मंडी प्रांगण में पाण्डाल लगवाए गए है और पेयजल के लिए भी उचित प्रबंध किए गए है।

**इनका कहना है...**

खाद वितरण के लिए महिला-पुरुषों की अलग लाइनें लगवाई गई है। लाईन में लगने वाले किसानों को मौके पर ही पेयजल उपलब्ध कराने के इंतजाम किए गए है। मंडी महकमे के साथ राजस्व और पुलिस अमला मिलकर खाद वितरण करा रहा है।
**– नरेश शर्मा तहसीलदार, कैलारस**





## सड़कें बनीं तालाब, रपटे पर बहते पानी से अर्थी लेकर निकले ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 सितंबर ।** अंचल में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रविवार-सोमवार और मंगलवार को हुई तेज बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर पहुंच मार्ग, रपटा-पुलिया आदि पर आवागमन बंद हो गया है। आसन व सोन नदी में आए उफान से रपटे पानी में डूब गए हैं और रास्ते बंद हो गए हैं।

**24 घंटे में 70 मिमी हुई वर्षा, रामपुरकलां में कच्ची पाटौर ढही**

कैलारस के बघरौली, बागचीनी और सेंथरी में नदी पर बने रपटा के पांच फीट ऊपर पानी आ गया, जिससे रास्ते बंद हो गए। लेकिन रोजमर्रा के कामों के लिए ग्रामीणजन इन रपटों से जोखिम उठाकर निकल रहे हैं। बघरौली गांव का मुक्तिधाम नदी के दूसरी ओर है, जिसके चलते ग्रामीणजन मंगलवार को एक व्यक्ति की अर्थी को कंधों पर लेकर रपटे पर बह रहे पानी से होकर गुजरे। मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई तेज बारिश से शहर के मुख्य मार्गों पर बारिश का पानी भर गया और आमजन परेशान हुए।

अंचल में तीन दिन से हो रही बारिश के चलते जौरा क्षेत्र के बघरौली गांव से निकली सोन नदी में उफान आ गया। गांव को मुख्य रास्ते से जोड़ने वाले रपटे के ऊपर पांच फीट पानी बह रहा था। इधर गांव में रहने वाले विकेंद्र शाक्य के निधन पर परिजन उसकी अर्थी लेकर मुक्तिधाम जाने को निकले लेकिन रपटा के ऊपर पांच फीट पानी था। ऐसे में ग्रामीणों को युवक की अर्थी कंधे पर रखकर रपटा पार करना पड़ा। इसके अलावा बागचीनी और सेंथरी गांव के रपटा पर भी पानी आने से ग्रामीणजन अपने गांवों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं।

**खरीफ सीजन की फसलें हुई बर्बाद, तोरिया की बुआई संभव नहीं :** ंचल में इस बार जून, जुलाई, अगस्त महीने में हुई बारिश से खरीफ सीजन की अरहर, चना, तिल जैसी फसलें बर्बाद हो गईं। वहीं सितंबर में किसान तोरिया की बोवनी कर लेते लेकिन दोबारा मानसून एक्टिव होने के कारण यह संभव नहीं है। ऐसे में अब किसानों को सीधे रबी फसल की बोवनी का इंतजार करना होगा।

**रबी सीजन में सिंचाई के लिए मिलेगा भरपूर पानी :** अंचल में हो रही बारिश से खरीफ सीजन की फसलें भले ही बर्बाद हो गई हों लेकिन किसान रबी सीजन की फसलों की भरपूर सिंचाई कर सकेंगे। अंचल के पगारा, पिलुआ, कोतवाल बांध बारिश से फुल हो गए हैं। साथ ही बांधों से छोड़े गए पानी से अंचल की क्वारी, आसन, सोन नदियों में भी भरपूर पानी है। जिससे भिंड-मुरैना के 6 लाख हेक्टेयर की रबी फसल में सिंचाई हो सकेगी।



**रामपुरकलां में देर रात कच्ची पाटौर ढही, हादसा टला**

रामपुरकलां में बांकेलाल श्रीवास 60 पुत्र श्रीभगवान श्रीवास अपने 10 परिवार के साथ तीन पाटौर में रहता था। मंगलवार रात अचानक उसकी दो पाटौर तेज बारिश से ढह गई, जिससे उसकी गृहस्थी का सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।

## अस्मिता वूमेन सिटी लीग : मुरैना की खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 सितंबर ।** खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन सिटी लीग-2025-26 का आयोजन 31 अगस्त को जबलपुर के हितकारिणी लॉ कॉलेज में हुआ। जिसमें मुरैना की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुरैना जिले का नाम रोशन किया है।

**31 अगस्त को जबलपुर में हुआ आयोजन**

प्रतियोगिता में मप्र के विभिन्न जिलों की महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुरैना योगासन स्पोर्ट्स एसोसियेशन की मीडिया प्रभारी कोच महिमा जैन ने बताया कि आयोजन में ओलंपिक महासंघ के सचिव दिग्विजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 18 वर्ष और 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग में हुआ। जिसमें मुरैना की अंकिता प्रजापति ने ट्रेडिशनल योगासन सीनियर इवेंट, आर्टिस्टिक सिंगल सीनियर इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किए। रितु गुर्जर ने रितु गुर्जर ने ट्रेडिशनल योगासन सीनियर में सेकण्ड और आर्टिस्टिक सिंगल सीनियर में तृतीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। वहीं जागृवी जैन ने आर्टिस्टिक सिंगल जूनियर में टॉप 5 में स्थान बनाया। मुरैना के डॉ. जयकिशन शर्मा, संजू शर्मा, नायला रूबी प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक मौजूद रहे। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय योगासना प्रतियोगिता में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 98 लोगों की सुनी समस्याएं



**मुरैना।** मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 2 आवेदन ऐसे थे, जिनका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उन आवेदनों को एनआईसी के माध्यम से उत्तरापोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई कलेक्टर के निर्देश पर जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने की। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश के दौरान तिरपाल लगाकर किया अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 सितंबर ।** पीएम नरेन्द्र मोदी गरीब आदमी को छत्त उपलब्ध कराने का काम कर रहे है, तो दूसरी ओर अधिकारियों की अनदेखी और पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी से मुर्दों को अंतिम संस्कार के लिए टीनशेड भी मुहैया नहीं हो पा रही है।

**जौरा तहसील की विंडवा पंचायत में श्मशान की टीनशेड हुई जर्जर**

ऐसा ही एक मामला मंगलवार को सामने आया। तहसील जौरा की विंडवा चंबल पंचायत में स्थित मुक्तिधाम का टीनशेड पूरी तरह से टूट चुका है। 1 सितंबर सोमवार को गांव में लक्ष्मीनारायण बघेल की मौत हो गई। भारी बारिश के बीच परिजन और गांव के लोग अर्थी सजाकर लक्ष्मीनाराण की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए गांव के मुक्तिधाम में लेकर पहुंचें।



यहां मुक्तिधाम का टीनशेड जर्जर था, बारिश के बीच अंतिम संस्कार कैसे किया जाए, इस बात को लेकर ग्रामीण परेशान थे। तब ग्रामीणों ने बारिश के बीच अंतिम संस्कार करने के लिए तिरपाल का प्रबंध किया। चिता के ऊपर ग्रामीणों ने तिरपाल लगाई, जिसके बाद लक्ष्मीनारायण का अंतिम संस्कार किया जा सका। यहां बताना जरूरी होगा कि मृतक लक्ष्मीनारायण का भाई अमर सिंह बघेल ग्राम पंचायत विंडवा में 10 वर्ष सचिव रह चुका है।

## असाक्षरों को जागरुक करने निकाली साक्षरता रैली

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 2 सितंबर ।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के तहत असाक्षरों को साक्षरता के प्रति जागरुक बनाने के लिए साक्षरता रैली का आयोजन मंगलवार को किया गया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ स्व-सहायता समूहों के सदस्य शामिल थे। यह रैली कस्बा कैलारस के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।

**कैलारस में नवभारत साक्षरता अभियान के तहत आयोजन**




बीआरसी मुकेश शर्मा, बीएसी केशव शुक्ला, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के ब्लॉक सह समन्वयक अशोक शर्मा ने रैली का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से 21 सितंबर से होने वाली असाक्षरों की परीक्षा के लिए नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से असाक्षरों को प्रेरित किया जा रहा है।

इस रैली में राहुल शर्मा, हितेन्द्र भदौरिया, राकेश शर्मा, नरोत्तम धाकड़, हरिमोहन धाकड़, सुनील शुक्ला, हेमराज धाकड़, मातादीन रजक, राजेन्द्र मरैया, भरोषीलाल राठौर आदि शामिल थे।

## नाश्ता-मिठाई की दुकानों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 2 सितंबर ।** कस्बा कैलारस में चाट-पकौड़ी सहित नाश्ता के ठेलों एवं मिठाई की दुकानों पर इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसकी वजह से घरेलू उपयोग के लिए उपभोक्ताओं को सिलेंडरों की डिलेवरी मिलने में देरी हो रही है।

**खाद्य विभाग द्वारा लंबे समय से नहीं की गई है कार्रवाई**

खाद्य विभाग द्वारा कस्बा कैलारस में अरसे से कार्यवाही नहीं की गई है। जिसकी वजह से दुकानदार एवं हाथठेला चालकों द्वारा बेखौफ होकर घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग किए जा रहे है। कई प्रतिष्ठानों पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर महज दिखाने के लिए रखे दिखाई देते है। जबकि प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा सारा काम घरेलू गैस सिलेंडरों से किया जा रहा है।



कस्बे की एमएस रोड, पहाड़गढ़ रोड, पुरानी सब्जी मंडी आदि जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग होता हुआ आसानी से देखा जा सकता है।

कॉमर्शियल उपयोग होने के कारण गैस एजेंसियां घरेलू गैस उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रहीं है।

## मप्र सरकार प्रदेशाध्यक्ष पटवारी को सुरक्षा मुहैया कराए : कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 सितंबर ।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर 31 अगस्त को रतलाम में हुए हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मप्र के डीजीपी के नाम एसपी मुरैना को ज्ञापन दिया गया। यह ज्ञापन कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर के नेतृत्व में सौंपा गया।

**रतलाम में हुए हमले के विरोध में कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन**



ज्ञापन सौंपने से पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 5वीं बटालियन स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां से पैदल मार्च करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचें। ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले ने पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा दिया है। उन्होंने कहा कि मप्र नशे के कारोबार का गढ़ बन चुका है। प्रदेशाध्यक्ष पटवारी नशे के खिलाफ पूरे प्रदेश में अभियान चला रहे है। जो नशा कारोबारी और नशा समर्थकों को परेशान कर रहा है। रतलाम में हुआ हमला इसी बात का परिचायक है। ज्ञापन में कांग्रेस ने जीतू पटवारी पर हमले के मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने और मप्र की भाजपा सरकार से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**ज्ञापन सौंपने वाले कांग्रेसजनों में यह रहे शामिल**

पूर्व विधायक एवं लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, दीपक शर्मा, ननि सभापति राधारमण डण्डौतिया, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गांधी, जितेन्द्र डंगस, नजमा बेगम, मंजू सिकरवार, प्रवक्ता हरीश पाठक, विनोद शर्मा, उदयवीर सिकरवार, राजकुमार पाठक, रमेश शाक्य, रामू टुंडेलकर, प्रकाश टेलर, शैलू गुर्जर, आशा बैपुरिया, रामवीर फौजी, शीला देवी, आरती, सरफुद्दीन खान, प्रेमवती, राजीव भटनागर, हकीम कुरैशी, चिंटू खान, बंगाली जाटव आदि ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल थे।

## खाद की किल्लत से किसान परेशान



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 2 सितम्बर।** सबलगढ़ तहसील में इस समय क्षेत्र के किसान डीएपी खाद की मांग पर अड़े हुए हैं जबकि मंडी में फिलहाल डीएपी का स्टॉक उपलब्ध नहीं है किसानों को विकल्प के रूप में एनपीके दिया जा रहा है, लेकिन वे इसे लेने से इंकार कर रहे हैं ।

स्थिति को संभालने के लिए तहसीलदार आशीष यशवाल राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचे उन्होंने किसानों को समझाने की बहुत कोशिश की मगर किसान एनपीके लेने को तैयार नहीं हुए।

डीएपी और एनपीके में कोई अंतर नहीं है दोनों एक समान है हमने आज प्रत्येक किसान को एक डी ए पी ओर एक एन पी के दिया है। जितनी पैदावार डीएपी से होती है उतनी ही एन पी के से होगी मैने अपने सामने खाद बंटवाया। – **आशीष आशवाल, तहसीलदार सबलगढ़**

किसानों को जागरूक करने के हमने अप्रैल में अभियान चलाया था एन पी के खाद में एक तत्व ज्यादा है। डीएपी से ज्यादा उपज देता है धीरे धीरे किसान भाई समझेंगे। **– कमल सिंह नागोरिया, एसएडीओ कृषि विभाग सबलगढ़**